सत्यमेव जयते

अष्टादश

बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 17 माघ, 1947 (श०) / 06 फरवरी, 2026 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 04

(1)	स्वास्थ्य विभाग - - -	04
	कुल योग --	04

कार्रवाई करना

3. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2024 में प्रकाशित नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2023 के अनुसार बिहार सरकार प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य सुविधा पर औसतन मात्र 701 रुपये सालाना खर्च करती है, जो देश के अन्य राज्यों में सबसे कम है, जबकि हमारे पड़ोसी राज्य जैसे झारखंड 1014 रुपये, पश्चिम बंगाल 1346 रुपये खर्च करता है, यदि हाँ, तो सरकार प्रति व्यक्ति औसतन खर्च को बढ़ाने के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विश्राम कक्ष का निर्माण

4. श्रीमती स्नेहलता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आशा कार्यकर्ता (ASHA) प्रसव और अन्य आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रात-दिन अस्पतालों में मौजूद रहती हैं, किन्तु सासाराम सहित राज्य के अधिकांश प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उनके लिए विश्राम कक्ष (Rest Room) की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक आशा दीदियों के लिए अस्पतालों में स्वच्छ पेयजल और शौचालय युक्त 'आशा सदन' या विश्राम कक्ष बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कैशलेस इलाज की सुविधा

5. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार अन्तर्गत कार्यरत/सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके आश्रितों को इनडोर में असीमित चिकित्सा सुविधा का लाभ देय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश एवं झारखंड में माननीय सदस्य/पूर्व सदस्य सहित कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थ्य बीमा योजना से अच्छादित कर कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पड़ोसी राज्यों के तर्ज पर बिहार में सदस्य/पूर्व सदस्य सहित कार्यरत/सेवानिवृत्त पदाधिकारी/कर्मचारी एवं उनके आश्रितों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेंटर का निर्माण

6. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के डोभी प्रखंड क्षेत्र के पास तीन नेशनल हाइवे एन0एच0 19, एन0एच0 84 एवं एन0एच0 99 अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त एन0एच0जी0टी0 सड़क मार्ग पर हमेशा दुर्घटना होती है, किन्तु डोभी प्रखंड में ट्रॉमा सेंटर नहीं रहने के कारण दुर्घटना स्थल से करीब 35 किलो मीटर दूर सदर अस्तपाल, गयाजी जाना पड़ता है तथा अत्यधिक दूरी रहने के कारण पीड़ित व्यक्तियों की मृत्यु अक्सर अस्पताल जाने के क्रम में हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में गंभीर मरीजों के त्वरित उपचार हेतु डोभी प्रखंड में ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 6 फरवरी, 2026 (ई0) ।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि0स0मु0 17(एल0ए0), 2025-26-डी0टी0पी0-550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026